(b) if so, the details thereof; and

(c) if not, the reasons therefor ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MT. NISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION AND CULTURE) (KM. SELJA) : (a) to (c) There are no specific lessons in the NCERT text-books to inspire the youngsters to join industries. However, applications of science to industries are highlighted in relevant places in the NCERT text-books, particularly of science subjects. The NCERT textbooks are meant for use mainly in CBSE-affiliated schools which comprise only 0.46% of the total number of schools in the country. In the matter of developing curricula, syllabi and textbooks for the large majority of schools under the control of the State Governments. the role of the NCERT is purely recommendatory, since the State Governments have full autonomy in these areas.

तंजावूर स्थित मराठा महल पुस्तकालय का संरक्षण

1626. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि तंजावूर स्थित मराठा महल और पुस्तकालय का रख-रखाव सही ढंग से नहीं हो रहा है;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस महल और पुस्तकालय को पिछले कुछ दिनों के दौरान काफी क्षति पहुंची है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार इन स्मारकों के रख-रखाव के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग एव मस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) जी, नहीं। तंजावूर महाराजा सरफोजी सरस्वती महल पुस्तगालय नामक पुस्तकालय तथा इसके भवन का रख-रखाव समुचित रूप से किया जा रहा है ।

(ख) जी, नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की स्थापना करने के संबंध में मानदण्ड

1627. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे** : क्या **मानव संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा किसी केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना के संबंध में क्या-क्या मानदण्ड अपनाए जाते हैं;

(ख) केन्द्रीय विश्वविद्यालयों का राज्यवार ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार भविष्य में नए केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को मान्यता प्रदान करने के बारे में विचार कर रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र में एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना करने के बारे में विचार कर रही है;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और

(छ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग एवं संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की स्थापना, कुछ ऐतिहासिक, सांस्कृतिक तथा केन्द्र राज्य विचारों के आधार पर संसद अधिनियम द्वारा की जाती है ।

(ख) राज्य वार ब्यौरे संलग्न विवरण-I में दिए गए हैं । **(नीचे देखिए)**